हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 31 मार्च 2026

04 शहर में भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

07 भगवान महावीर स्वामी का धूमधाम से मनाया गया...




## गैस की किल्लत और बिजली की दरों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने जिलेभर में एकसाथ प्रदर्शन किया

# आवश्यकता के साधनों को राजस्व कमाने का साधन बना रही सरकार

**वक्ता बोले: जनता पर बोझ डालकर अपनी नाकामियों को छिपाने का प्रयास कर रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

### माधवगंज पर गैस सिलेंडरों को माला पहनाकर विरोध



विदिशा। महंगाई के विरोध में माधवगंज पर आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेसी।

जिला कांग्रेस के निर्देशन में नगर कांग्रेस द्वारा रसोई गैस, खाद्य सामग्री एवं प्रस्तावित 4.80 प्रतिशत विद्युत दर वृद्धि के विरोध में माधवगंज चौराह पर अनोखा धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडरों को माला पहनाकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़ती महंगाई के विरोध में आवाज बुलंद की। धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि पहले से ही स्मार्ट मीटर के कारण बिजली बिलों में चार गुना तक वृद्धि की शिकायतें सामने आ रही हैं, ऐसे में अप्रैल से प्रस्तावित 4.80 प्रतिशत दर वृद्धि आम आदमी के परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार जनता पर आर्थिक बोझ डालकर अपनी नाकामियों को छिपाने का प्रयास कर रही है। रसोई गैस, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं के बाद अब बिजली भी आमजन की पहुंच से दूर होती जा रही है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि गैस सिलेंडर की किल्लत अब केवल घरों तक सीमित नहीं है, बल्कि होटल संचालकों, चाय-समोसे बेचने वाले छोटे व्यापारियों की आजीविका पर भी संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि बिजली विलासिता नहीं, बल्कि जन-जन की मूल आवश्यकता है, किंतु सरकार इसे राजस्व का साधन बना रही है, जबकि इसे जनसेवा का माध्यम होना चाहिए। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि सभी वक्ताओं ने एक स्वर में विद्युत दर वृद्धि तत्काल वापस लेने की मांग की। धरने में महेंद्र यादव, जिनेश जैन (टिंगी), आशीष महेश्वरी, जितेंद्र तिवारी, गोविंद राजपूत, अंकुर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**गैस के कारण व्यापारियों की आजीविका पर भी संकट खड़ा हो गया है: रवि साहू**

## समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन में तेजी लाएंगे

**शमशाबाद।** बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर की कीमतों, पेट्रोल-डीजल की किल्लत एवं बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेसियों ने पुराने बस स्टैंड पर धरना दिया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता को हो रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार डॉ. दर्शन लाल नेगी को ज्ञापन सौंपकर गैस, पेट्रोल-डीजल की किल्लत दूर करने तथा बढ़ी हुई बिजली दरों को कम करने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कुलदीप रत्नाकर, पंचम सिंह किरार, संदीप यादव, खिलान धाकड़, मीडिया प्रभारी जगदीश धाकड़, पिंकी यादव, सूरज शर्मा, डॉ राहुप खान,चंदन सिंह यादव मौजूद रहे।

### गैस की बड़ी कीमतों और थोपे जा रहे बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**कुरवाई।** कुरवाई के बीना तिराहे पर सोमवार को कांग्रेसियों ने गैस की खाली टंकी रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेत्री रानी अहिरवार ने कहा कि भाजपा की सरकार अडानी अंबानी की सरकार है। उनके इशारे पर चलने वाली सरकार है। इजराइल ईरान और अमेरिका में युद्ध हो रहा है जिसकी आड़ में सरकार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने का काम कर रही है।



पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हसरुदुद्दीन खान ने कहा की भाजपा सरकार की वजह से हम वापस पुराने दिनों में पहुंच गए। अच्छे दिन तो आए नहीं लेकिन गैस सिलेंडर की किल्लत से वापस चूल्हे और भट्टी वाले दिन आ गए। जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाकर मनमाने बिल वसूल किए जा रहे है। प्रदर्शन को अनेक वक्ताओं द्वारा संबोधन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस के अध्यक्ष जफर शेख द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### नटेरन पुलिस ने बरामद की 15 वर्षीय बालिका

**नटेरन।** नटेरन थाना पुलिस ने गुमशुदा 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को बरामद कर लिया है। 17 फरवरी को बालिका के गुम होने की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे व एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। थाना प्रभारी मोहर सिंह मंडेलिया के नेतृत्व में सक्रिय सूचना तंत्र से 30 मार्च को बालिका को चिकोली थाना पथरिया क्षेत्र से बरामद किया गया। बालिका को परिजनों को सौंपा गया।

### जनप्रतिनिधियों ने प्याऊ का शुभारंभ किया

**ग्यारसपुर।** जनपद पंचायत एवं अस्पताल के सामने स्थापित इस प्याऊ का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर एवं सरपंच राजू कुशवाह द्वारा फीता काटकर किया गया। गर्मियों के बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए राहगीरों, मरीजों और स्थानीय ग्रामीणों की सुविधा के लिए इस प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इस दौरान ऊहर कोटरा के सरपंच कल्याण सिंह लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, नवांकुर संस्था मणिपुर के शैलेंद्र रघुवंशी, अनस खान, हूकम कुशवाह, विष्णु कुशवाह, रूप सिंह कुशवाह तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मोहनपुर के अध्यक्ष सीताराम कुशवाह मौजूद रहे।

### 28 मंडलों में मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी संगठन का 47वां स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाने जा रही है। भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले के 1148 बूथों एवं 28 मंडलों में विभिन्न संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए प्रभारी बनाए गए हैं। गांव, बस्ती चलो अभियान में विधानसभा स्तर पर बड़े 50 गांव के चयन कर जनप्रतिनिधियों का प्रवास, हर घर झंडा अभियान, सक्रिय सदस्य सम्मेलन, वरिष्ठ एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन सहित संगठन विस्तार के अनेक कार्यक्रम संचालित होंगे।

### राष्ट्रीय स्तर पर गोमय उत्पादों को मिला अवॉर्ड

**विदिशा।** जिले में निर्मित गौमय



उत्पादों को नई दिल्ली में आयोजित समिट 2026 में प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में 45 गोशालाओं और 182 महिला स्वसहायता समूहों की 2150 महिलाओं ने 250 प्रकार के पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार किए। लगभग 25 लाख दीपकों की बिक्री से 12.50 लाख रुपए की शुद्ध आय अर्जित हुई। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया और डॉ. एनके शुक्ला ने अवॉर्ड प्राप्त कर प्रमाण पत्र कलेक्टर को सौंपा।

## समीक्षा बैठक: ग्रामीण क्षेत्रों के 1024 सार्वजनिक कुओं में से खतरनाक 339 पर मुंडेर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत द्वारा सार्वजनिक कुओं पर मुंडेर निर्माण की जानकारी दी।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी चिन्हित कुओं पर मुंडेर निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जिला पंचायत के अनुसार विदिशा जिले के ग्रामीण अंचलों में कुल 1024 सार्वजनिक कुएं दर्ज हैं, जिनमें से 339 कुओं पर सुरक्षा की दृष्टि से मुंडेर निर्माण आवश्यक पाया गया था और सभी पर अब मुंडेर का निर्माण हो चुका है। बासौदा में 36, ग्यारसपुर में 73, कुरवाई में 17, लटेरी में 3, नटेरन में 35, सिरोंज में 13 तथा विदिशा जनपद में 162 कुओं पर मुंडेर निर्माण किया गया है। कार्य पूर्ण होने से अब जिले के सार्वजनिक कुएं पूरी तरह सुरक्षित हो गए हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इस उपलब्धि पर संबंधित विभागों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि निर्मित संरचनाओं का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि दीर्घकाल तक आमजन को सुरक्षित एवं स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यह पहल जनसुरक्षा और स्वच्छता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


विदिशा। ग्रामीण क्षेत्र में मौजूद कुओं पर बनवाई जा रही मुंडेर।

## खाद्य विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई: श्याम डेयरी और भैरो टी स्टाल से लिए गए नमूने, जांच के लिए भेजे जाएंगे प्रयोगशाला

### शिकायत पर लिए गए पनीर, मावा, घी, दही व गन्ना जूस के नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर के निर्देश पर जिले में खाद्य विभाग द्वारा निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को माधवगंज पर श्याम डेयरी पर पनीर की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पनीर, मावा, घी एवं दही के नमूने लिए।

निरीक्षण के दौरान संचालक को खाद्य सामग्री ढंककर रखने, दस्ताने पहनकर कार्य करने और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। वहीं जिला अस्पताल के सामने भैरो टी स्टाल से गन्ने के जूस की शिकायत पर जूस का नमूना एकत्रित किया गया। संचालक को गन्ना साफ कर जूस निकालने और साफ-सफाई रखने की हिदायत दी गई। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। रिपोर्ट में अवमानक पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



विदिशा। जांच करते हुए खाद्य अधिकारी।

## बदला मौसम का मिजाज: तेज आंधी के बाद कई इलाकों में बिजली हुई गुल

### अगले 3 दिन बादल और बारिश का अलर्ट, आमजन को सतर्क रहने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार शाम करीब 5 बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज हवा और आंधी के साथ आसमान में काले बादल छा गए, जिससे शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दिनभर की गर्मी के बाद चली हवा ने लोगों को राहत तो दी, लेकिन कई स्थानों पर धूल भरी हवाओं से आवागमन प्रभावित हुआ। तेज हवा के कारण सड़कों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं। कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित होने की खबर है। बाजारों में दुकानदारों को अपना सामान समेटना पड़ा, वहीं राहगीरों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। ग्रामीण अंचलों में किसानों ने खड़ी फसलों को लेकर चिंता जताई है। मौसम के इस बदले मिजाज ने फिलहाल गर्मी से राहत जरूर दी है, लेकिन आने वाले दिनों में सतर्कता बरतना जरूरी होगा।

### तीन दिन तक बारिश और बादलों का अलर्ट

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले तीन दिन तक जिले में बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। तेज हवा के साथ गरज-चमक की स्थिति भी बन सकती है। प्रशासन ने नागरिकों को अनावश्यक रूप से खुले में न निकलने और सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हुआ है। तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी उपज और कृषि उपकरण सुरक्षित स्थानों पर रखें।

## हस्नाबाद में शॉर्ट सर्किट से खड़ी फसल में आग

### ग्रामीणों ने मशक्कत कर जेसीबी-ट्रैक्टर से धधक रही आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बंटी नगर क्षेत्र के ग्राम हस्नाबाद में खड़ी फसल में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण खेत में आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। मौके पर मौजूद किसानों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर, जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों ने बताया कि दमकल वाहन को कई बार सूचना दी गई, लेकिन वह समय पर नहीं पहुंच सका, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई। हालांकि सामूहिक प्रयासों से समय रहते आग बुझा ली गई, वरना आसपास की खड़ी फसल और पास की रिहायशी बस्ती को भारी नुकसान हो सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित आपात व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।


विदिशा। ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से आग पर काबू पाया।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ी अब 10 से शुरू होगी

**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ा दी गई है। अब इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में गेहूं उपार्जन कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा, जबकि शेष संभागों में खरीदी 15 अप्रैल से शुरू होगी। एसओपी में उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और किसानों के हित में सुगम बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसमें उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाएं, किसानों का पंजीयन, तौल व्यवस्था, भंडारण एवं भुगतान प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो पारदर्शी ढंग से खरीदी हो।

## गायत्री शक्तिपीठ की जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन, मुकेश तिवारी तीसरी बार निर्वाचित हुए

- समिति में 14 अन्य परिजनों को भी सदस्य बनाया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राजीव नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार की जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया।

इस दौरान मुकेश तिवारी को सर्वसम्मति से तीसरी बार जिला समन्वयक मनोनीत किया गया। जिला समन्वय समिति में 14 अन्य परिजनों को भी सदस्य बनाया गया है। पुनर्गठन प्रक्रिया में मार्गदर्शन हेतु रघुनाथ प्रसाद हजारी उपजोन समन्वयक भोपाल उपस्थित रहे। वर्ष 2026 वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष, अखंड दीपक के 100 वर्ष और परमपूज गुरुदेव की साधना के भी 100वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इसलिए गायत्री परिवार संगठन का पुनर्गठन किया जा रहा है। जिससे कि संगठन एवं गायत्री परिवार के कार्य को विस्तार मिल सके। गायत्री परिवार विश्व शांति एवं मानव कल्याण के मूल मंत्र को लेकर समाज में काम करता है। मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण विषय को लेकर व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण का कार्य करता है।




## महावीर जन्मकल्याणक पर समाजजनों ने चल समारोह निकाला

# चांदी की पालकी में प्रतिमा, डीजे संग निकाला जुलूस

- शोभायात्रा में महिलाएं डांडिया खेलते हुए चल रही थीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन समाज ने सोमवार को चल समारोह निकाला। चल समारोह की शुरुआत किलेअंदर स्थित दिगंबर जैन छोटे मंदिर से हुई।

यहां से भगवान महावीर की प्रतिमा को चांदी की पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा सफेद कुर्ता-पायजामा, केसरिया दुपट्टा और सफेद टोपी में पालकी को कंधों पर उठाकर चल रहे थे। जुलूस में डीजे, बैंड, बग्गी और सुसज्जित रथ शामिल थे। आचार्य विद्यासागर जी महाराज, आचार्य समय सागर जी महाराज और कुंडलपुर वाले बड़े बाबा के आकर्षक कटआउट भी प्रदर्शित किए गए। जैन मंदिरों की पाठशालाओं के बच्चों, महिला मंडल की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग इस समारोह में शामिल हुए। महिलाएं डांडिया खेलते हुए चल रही थीं।



श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया।

### जियो और जीने 2 के जयकारे लगाए

श्रद्धालु जियो और जीने दो के जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। युवा वर्ग भजनों पर नाचते-गाते हुए उत्साह बढ़ा रहा था। महिला मंडल की सदस्य हाथों में धर्म ध्वजा लेकर चल रही थीं। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। पालकी में विराजमान भगवान महावीर और जिनवाणी जी की आरती उतारी गई। तेज धूप के बावजूद लोगों का उत्साह बना रहा। यह चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माधवगंज चौराहे पहुंचा। यहां एक धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान महावीर का अभिषेक, शांतिधारा और पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जैन समाज ने मिठाई वितरण, भंडारा और निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। विधायक मुकेश टंडन सहित कई जनप्रतिनिधि और समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे। इस पूरे आयोजन ने धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ भगवान महावीर के अहिंसा, करुणा और सहअस्तित्व के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाया।

## खबर संक्षेप

### प्राचीन मंदिर में एकादशी पर हुए भजन कीर्तन



**गंजबासौदा।** बेदनखेड़ी स्थित वार्ड नंबर 23 के श्री जगदीश स्वामी चतोर मंदिर में भक्ति और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। कामदा एकादशी के अवसर पर रात्रि 9 बजे से 'गम्मत कीर्तन' शुरु हुआ जो सोमवार सुबह तक अनवरत चलता रहा। भावसार समाज के नेतृत्व में हो रहा भव्य जीर्णोद्धार 400 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर के कायाकल्प का कार्य वर्तमान में तेजी से चल रहा है। भावसार समाज द्वारा अध्यक्ष रोहित भावसार के नेतृत्व में मंदिर के भव्य जीर्णोद्धार का कार्य पूरी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। निर्माण कार्य के चलते पिछले 3-4 ग्यारस से कीर्तन का आयोजन मुख्य मंदिर के समीप स्थित गौरा-पार्वती मंदिर में किया जा रहा है। 55 वर्षों की अटूट परंपरा और एकादशी का संकल्प बेदनखेड़ी की यह आध्यात्मिक विरासत दशकों पुरानी है। यहाँ पिछले 55 वर्षों से अधिक समय से श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को भव्य 'गम्मत कीर्तन' आयोजित करने की गौरवशाली परंपरा चली आ रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए, श्री जगदीश मंडल बेदनखेड़ी के तत्वावधान में पिछले 2 वर्षों से अधिक समय से लगातार प्रत्येक एकादशी पर भी गम्मत कीर्तन का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ अशोकनगर से आई गायिका और अन्य दूर-दराज के क्षेत्रों से आए कलाकारों ने ढोलक, हारमोनियम और मंजीरे की थाप पर अपनी मधुर प्रस्तुतियां दीं।

### नगर में उत्साह के साथ मनाया गया जन्मकल्याणक महोत्सव

# शहर में भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव नगर में बड़े भक्ति भाव से मनाया गया। भगवान के जन्म महोत्सव के अवसर पर नगर में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन सकल जैन समाज के द्वारा आयोजित किया गया। पूरे भारत वर्ष में चैत माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म महोत्सव मनाया गया। जन्म महोत्सव पर आयोजित विशाल शोभा यात्रा का शुभारंभ स्थानीय भगवान महावीर विहार से प्रारंभ हुआ जो कि महावीर मार्ग से सुभाष चौक जय स्तंभ चौक से सावरकर चौक होते हुए, गांधी चौक स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। भगवान महावीर स्वामी की शोभा यात्रा में महिला केसरिया वस्त्रों एवं पुरुष सफेद वस्त्रों को धारण करे नजर आए। वहीं नगर के प्रमुख सेवादल शोभा यात्रा के साथ अपने-अपने दिव्य घोष के साथ चल समारोह में वाद्य यंत्रों से गुंजायमान करते हुए साथ चल रहे थे। वहीं मंगल के प्रतीक अष्टप्रातिहार्य सबसे आगे चल रहे थे। उनके पीछे पीछे नगर के जिनालयों में संचालित सभी जैन बाल पाठशाला के बच्चों द्वारा तैयार की गई झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। झाकियों के पीछे नगर के प्रमुख महिला मंडल अपने अपने ड्रेस कोड में प्रस्तुतियां देकर शोभा यात्रा को विशेष बना रही थी। वहीं अश्व रथ पर बैठकर सौधर्म इंद्र भगवान की अगवानी कर रहे थे। नगर के युवा हाथों में माइक लेकर भजन और जयकारों के साथ नृत्यगान करते हुए अपनी भक्ति करते हुए साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा के अंत में भगवान महावीर स्वामी चांदी के विमान में विराजमान हो शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। वहीं श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों के बाहर रंगोली बनाकर और दीपक जलाकर भगवान की मंगल आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शोभा यात्रा का नगर के प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया और भगवान की आरती करने का सौभाग्य प्राप्त किया। शोभा यात्रा का समापन आयोजन स्थल श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गांधी चौक में किया गया। आयोजन स्थल पर भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं शांति धारा की गई। वहीं श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति ने स्थानीय गांधी चौक पर महावीर जयंती के अवसर पर मिष्ठान वितरण किया। वहीं शाम के समय नगर के सभी जिनालयों में मंगल आरती की गई और जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।










# सात दिवसीय आवासीय प्रबोधन वर्ग की समीक्षा बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संस्कृत भारती के तत्वावधान में मध्यभारत प्रांत के सात दिवसीय आवासीय संस्कृत प्रबोधन वर्ग के संबंध में सोमवार को मीलवाली माता मंदिर में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें संस्कृत भारती के अनेक जनपद, विकासखण्ड के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इन सभी की उपस्थिति में प्रबोधन वर्ग के सफल आयोजन को लेकर दायित्व और कार्यों का विभाजन किया गया। इसमें यह तय किया गया कि नगर के सभी आयु वर्ग सभी संवर्ग के इच्छुक प्रतिभागी सरलता से भाग ले सकें। इस हेतु पंजीयन 25 मार्च से प्रारंभ हो गए हैं जिसकी अंतिम तिथि 25 अप्रैल है।बैठक में यशवंत दुबे, विनोद कुमार शर्मा, भूपेन्द्र सेन, अभिलाषा चतुर्वेदी, मोहित शर्मा, संगीता राजपूत, शकुन अग्रवाल, पंडित अनिल चतुर्वेदी, विमलेश लोधी, भूपेंद्र रघुवंशी, विपिन शर्मा सहित संस्कृत भारती के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गमाखर में जल गंगा संवर्धन अंतर्गत प्याऊ का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकासखंड के सेक्टर गमाकर में नवांकुर संस्था मां शीतला ह्यूमन सोशल डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत "जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना शिव मंदिर मार्ग पर की गई। ज्ञात हो कि गमाखर के प्राचीन शिव मंदिर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शनों के लिए आते हैं। रविवार से प्रतिदिन लोगों को जल मंदिर प्याऊ पर पीने का पानी मिलेगा। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति गमाकर से अध्यक्ष सुरजन सिंह रघुवंशी, सचिव मोहन सिंह रघुवंशी का विशेष योगदान रहा। जल मंदिर (प्याऊ) के शुभारंभ अवसर पर नवांकुर चयनित संस्था माँ शीतला हयूमन सोशल डेवलपमेन्ट सोसायटी के श्याम कुमार साध्य, हजारी लाल पाटस्कर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल समाज में जनजागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि मानव सेवा के माध्यम से पुण्य अर्जन का भी कार्य करते हैं। उन्होंने सभी से ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में सेक्टर सह-प्रभारी जगदीश प्रसाद साहू, दीक्षा रघुवंशी, मोनिका रघुवंशी ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति सेक्टर गमाखर के सदस्य रामबाबू पाल, भान सिंह रघुवंशी, पनकी बाई कुशवाह सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सनलिता आर्ट के सदस्यों ने बनाई आकर्षक रंगोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव नगर में उत्साह से मनाया गया। इस मौके पर सनलिता आर्ट्स की सुप्रिया जैन एवं अन्य सदस्यों द्वारा उनके निवास पर भगवान महावीर स्वामी जन्म महोत्सव को लेकर सुंदर आकर्षक रंगोली बनाई गई। इस मौके पर अनेक युवतियां मौजूद रहीं।

# इमलाधाम में विराजमान श्री हनुमान मंदिर पर हुआ आस्था, भक्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री हनुमान मंदिर इमलाधाम सिद्ध स्थान पर भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर नेपाल पशुपतिनाथ महादेव की पावन कथा में सहभागी श्रद्धालुओं का अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पूरा परिसर "हर हर महादेव" और "जय श्री राम" के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर कथा व्यास, भागवताचार्य भगवान प्रसाद शास्त्री 'मानस रत्न' विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कथा श्रवण केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, सेवा और समर्पण की दिशा देने वाला माध्यम है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं की आस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सहभागिता समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। कार्यक्रम का संचालन गणेशराम रघुवंशी द्वारा किया गया। सम्मानित किए गए भक्तों को अभिनंदन पत्र प्रदान करते हुए आयोजकों ने उनके धार्मिक समर्पण और आस्था की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि काठमांडू स्थित श्री पशुपतिनाथ धाम में आयोजित कथा में भाग लेकर श्रद्धालुओं ने सनातन संस्कृति के प्रति अपनी गहरी आस्था का परिचय दिया है।

पूरे आयोजन के दौरान भजन, मंत्रोच्चार और जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। अंत में प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में देवेंद्र वर्मा, डॉ संजीव रघुवंशी, किशन अग्रवाल, विक्रम सिंह रघुवंशी, कपिल रघुवंशी, घनश्याम प्रजापति, सरिता रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कथा में भाग लेने वाले श्रद्धालुगण मौजूद थे।








### अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक का हुआ आयोजन

# न्यायालय के साथ सड़क पर भी होगा संघर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रथ्वीसिंह रघुवंशी ने बताया है कि अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के गठन के साथ यह तय किया गया कि सर्वोच्य न्यायालय के साथ अध्यापक, शिक्षक सड़क पर भी संघर्ष करेंगे और सरकार से री पिटीसन दायर करवाकर ही मानेंगे। ज्ञात हो कि टीईटी परीक्षा रद्द कर प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना पर आंदोलन हेतु अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश का गठन किया है, जिसमें सभी प्रदेश अध्यक्षों की सहभागिता व समर्थन से प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना व टीईटी परीक्षा निरस्त करवाने सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में शिक्षकों का पक्ष रखने हेतु नवीन शिक्षक संवर्ग के सामूहिक संघर्ष के लिए प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध आंदोलन पर सर्वसम्मति बनी है, जिसमें 8 अप्रैल 2026 को जिला स्तर पर कार्यक्रम, 11 अप्रैल को ब्लाक स्तर पर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन, 18 अप्रैल को भोपाल स्तर पर सामुहिक धरना प्रदर्शन पर सहमति बनाई गई। बैठक में मोर्चा के राकेश दुबे ने लोक शिक्षण संचनालय के संचालक केके द्विवेदी ने निंदा की जब न्यायालय द्वारा परीक्षा हेतू 2 वर्ष का समय दिया गया था, उनको प्रक्रिया का पालन किए बगैर आदेश निकालने मे इतनी जल्दी क्यों थी। सरकार से ऐसे अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की गई। इसमें शामिल संगठन राकेश दुबे प्रदेश अध्यक्ष शासकीय शिक्षक संगठन, शिल्पी सिवान प्रदेश अध्यक्ष आजाद अध्यापक संघ, मनोहर दूबे प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय शिक्षक संघ, जगदीश यादव प्रदेश अध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ, भरत पटेल प्रदेश अध्यक्ष आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, राकेश नायक प्रदेश अध्यक्ष राज्य शिक्षक कांग्रेस, डीके सिंगोर प्रदेश अध्यक्ष ट्रायबल वेलफेयर एसोसिएशन, राजिक कुरैशी आम अध्यापक संघ रमाशंकर पाण्डेय नवीन प्राथमिक शिक्षक संघ, सांलिग राम चौधरी राज्य अध्यापक संघ आदि अन्य संगठन भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के उपेंद्र कौशल ने किया। बैठक मे जिले से प्रथ्वी सिंह रघुवंशी, केशव रघुवंशी, चन्द्र भूषण किरार, केजी राय, विनोद श्रीवास्तव, सुनील रघुवंशी सुदामा प्रसाद शर्मा, राजा भैय्या गुर्जर ,अरूण रघुवंशी, दीपक नामदेव, संजय अहिरवार, रामबाबू रघुवंशी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली की बड़ी दरों एवं गैस सिलेंडर की समस्या के संबंध में कर्मादेवी चौराहा पर सोमवार को धरना दिया।



## खबर संक्षेप

### 1448 बूथ और 28 मंडलों में मनेगा स्थापना दिवस : रवि सोनी



**सिरोंज।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी नेतृत्व द्वारा भाजपा जिला मंत्री रवि सोनी को विदिशा जिले का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। वही श्री सोनी ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया। वही उन्होने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले के 1148 बूथों एवं 28 मंडलों में विभिन्न संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत गांव/बस्ती चलो अभियान में विधानसभा स्तर पर बड़ें 50 गांव के चयन कर जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ जन का प्रवास, हर घर झंडा अभियान, सक्रिय सदस्य सम्मेलन, वरिष्ठ एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन सहित संगठन विस्तार के अनेक कार्यक्रम संचालित होंगे।

### समाजसेवी डीके जैन की पत्नी का निधन



**सिरोंज।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व प्रबंधक डीके जैन की धर्मपत्नि श्रीमति किरण जैन का आकस्मिक निधन हो गया। वही जैन समाज सिरोंज में शोक की लहर दौड गई। इस अवसर पर जैन समाज के अलावा नगर के विभिन्न संगठनो व आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,संभागीय अध्यक्ष सौरभ जैन आदि स्व श्रीमति किरण जैन को शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि डीके जैन की धर्मपत्नि सदैव धार्मिक क्रियाओं व सामाजिक क्षेत्र में आगे रही है। वह दान धर्म के लिए हमेशा योगदान देती आई है।

# नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, लोगों की उमड़ी भीड़

# भगवान महावीर स्वामी का धूमधाम से मनाया गया जन्म कल्याणक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सकल दिगंम्बर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की जयंती बडे ही. हर्षोल्लास से मनाई गई। जिनोदय तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर भगवान महावीर की पूजन, विधान, एंव शांतिधारा कि गई। वही नगर के कठाली बाजार स्थित चंद्र प्रभु जिनालय, हाजीपुर जैन मंदिर,पचखनी व टौरी जैन मंदिर में जिनेन्द्र भगवान की सामुहिक पूजा-प्रक्षाल की गई। जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर की रथ यात्रा जैन धर्म के जयकारों के मध्य बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ हुई जो कठाली बाजार चंद्रप्रभु जिनालय, कष्टम पथ, छत्री नाका हनुमान पथ, लिंक रोड, महाराणा प्रताप चौक बासौदा नाका, हाजीपुर जैन मंदिर से होते हुए शहर के मुख्य मार्गो से होकर पुनः घेतल गली बड़ा जैन मंदिर पहुंची। जहां मंदिर में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा की गई।

#### आकर्षक रहा चांदी का विमान

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधन में निकाली गई रथ यात्रा नगर में आकर्षक का केन्द्र बनी रही, जिसकी अगवानी नवयुवक मंडल के दिव्य घोष बड़े बैंड से की जा रही थी। दूसरे क्रम में सजाई गई झांकी तत्पश्चात पाठ शाला के नन्हें-मुन्ने बच्चें इसके बाद सैंकड़ों की संख्या में जैन भक्त भगवान महावीर के रथ को हाथों से खींचते हुए नंगे पैर चल रहे थे। तत्पश्चात सैंकडों. महिलाएं गुलाबी वस्त्र धारण कर



पालकी में जिनवाणी को विराजित कर कतारबद्ध तरीके से चल रही थी। चल समारोह के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह आरती उतार कर पूजा अर्चना की।

# कांग्रेस का एक दिवसीय रैली धरना प्रदर्शन, ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार एवं आह्वान पर एक दिवसीय रैली, धरना, प्रदर्शन,ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है लोगों को लाइन में लगना ही नसीब हो रहा है चाहे नोटबंदी की लाइन हो,गैस की लाइन,डीजल या पेट्रोल के लिए लाइन हो,किसान इस समय बहुत परेशान है सोसाइटी बैंक जमा करने की तारिक 28 मार्च है जबकि गेहूं की तुलाई 1 अप्रैल से चालू होगी। ऐसे में किसान अपनी बैंक को कैसे जमा कर सकता है।

उन्होने मांग करते हुए कहा कि बैंक जमा करने की तारीख को 30 अप्रैल की जाए। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश यादव, नगर अध्यक्ष सैफू गद्दी, अशोक यादव, गजेंद्र यादव, डॉ सुब्हान गौरी, कमलेश कुशवाह आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### आम जनता का जीवन अस्त-व्यस्त

वही ज्ञापन में बताया गया कि डीजल की कमी के कारण किसानों, परिवहन सेवाओं एवं आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रसोई गैस की अनुपलब्धता से घरेलू व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे आम जनता का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके साथ ही बिजली दरों में लगातार वृद्धि से मध्यम एवं निम्न वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि डीजल एवं रसोई गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाए। कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए या उसमें राहत प्रदान की जाए। एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी रंजिश बनी हत्या की वजह,हत्या का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पुलिस थाना पथरिया को 27 मार्च को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बागरोदा निवासी सुरेश बाल्मीकि की राजू बाल्मीकि के साथ आपसी विवाद एवं मारपीट में गंभीर रूप से घायल होने के बाद सिरोंज शासकीय अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उक्त सूचना पर थाना पथरिया में अपराध क्रमांक 38/2026 धारा 103(1), 115(2), 296 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई।

थाना प्रभारी पथरिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रकरण में प्राप्त भौतिक साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बागरोदा निवासी राजू बाल्मीकि को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि पुरानी रंजिश के चलते हुए विवाद में उसने लोहे के पाइप से सुरेश बाल्मीकि के सिर के पीछे वार किया, जिससे गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह, एएसआई सत्यनारायण इक्के, आरक्षक अंकुश, सोनू राजपूत एवं रवि कुशवाह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### रामायण पाठ में शामिल हुए कांग्रेस नेता उपाध्याय



**सिरोंज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ सुरेन्द्र उपाध्याय ने ग्राम सुमेरपुर राम मोहल्ला में चल रहे रामायण पाठ में सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भक्ति की डोरी थाम कर ही पाया जा सकता है परमात्मा का सान्निध्यः डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी

**रहली।** नगर के कृषक स्टेडियम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी ने भक्ति, प्रेम और विश्वास की महिमा का बखान किया। कथा के शुभारंभ पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नगर में जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। कथा व्यास डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा को केवल भक्ति की डोरी से ही बांधा जा सकता है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण सीख देते हुए कहा, अपनी जीवन की डोर परमात्मा को देने के बजाय, परमात्मा की डोर अपने हाथों में रखिए। जब आपके पास विश्वास और प्रेम की डोरी होगी, तब आप जब चाहें परमात्मा को अपनी ओर खींच सकते हैं।

### नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन आज

**सागर।** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में 31 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे से पुराने निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

### सागर रेलवे स्टेशन पर प्याऊ का शुभारंभ आज

**सागर।** श्रीराम सेवा समिति द्वारा विगत 27 वर्षों से निरंतर सागर रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर गर्मी के दिनों में ट्रेन के यात्रियों को 24 घंटे निःशुल्क जल सेवा का सेवाकार्य किया जा रहा है। इस वर्ष भी आज दिनांक 31 मार्च दिन मंगलवार को दोपहर 11.30 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर इसका शुभारंभ होने जा रहा है। समिति के अध्यक्ष डा. विनोद तिवारी ने शहर के सभी गणमान्य नागरिकों से इस पुण्य अवसर पर पधारने का अनुरोध किया है।

### पाठशालाओं के शिक्षक शिक्षकाओं का अधिवेशन आयोजित

**सागर।** गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के डेढ सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तहत जैन पाठशालाओ की शिक्षक शिक्षिकाओ का अधिवेशन मुनि श्री महासागर महाराज के सानिध्य मे संपन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि ब्रम्हचारी भरत भैया और आचार्य आशीष सांगानेर रहे। मुनि श्री ने आशीर्वचन मे कहा कि मौलिक शिक्षा की होड मे बच्चे धर्म और नैतिकता से दूर होते जा रहे है। धार्मिक पाठशालाये उनमें संस्कारो का रोपण कर नैतिकता की ओर ले जा रही है। अधिवेशन मे वर्तमान मे संस्कार पाठशालाओ की आवश्यकता पर जोर दिया गया । इस अवसर पर संतोष जैन घड़ी, दिलीप रांधेलीय, अशोक वीर, डॉक्टर अरूण सिंघई, अशोक फुसकेले, अशोक पिडरूआ, संतोष रांधेलीय, राकेश जैन, सुनील जैन ने सहभागिता की।

# खुरई की जनता का उत्सव डोहेला महोत्सवः युवानेता अविराज सिंह

**खुरई।** युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आगामी 5 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले बहुचर्चित और भव्य डोहेला महोत्सव को इस वर्ष और अधिक आकर्षक, सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने किला परिसर मैदान पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण एवं व्यवस्थागत कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अविराज सिंह ने कहा कि यह महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई है तथा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करें, ताकि महोत्सव के दौरान नागरिकों एवं आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अविराज सिंह ने विधायक कार्यालय, ऑफिसर कॉलोनी, खुरई में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में भी सहभागिता की, जहां उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता है और इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने सागर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में भी सहभागिता दी।

# भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर निकली श्रीजी की रजत विमान शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुरई

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव नगर में श्रद्ध भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह 7बजे भगवान श्री महावीर स्वामी की विशाल रजत विमान शोभायात्रा निकली,द्वार द्वार पर सभी श्रद्धालुओं ने श्रीजी की आरती कर श्रीफल समर्पित किए पूरे नगर को आकर्षक तोरण द्वार और झांकी लगाकर सजाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने अपने अपने घर के बाहर रंगोलिया बनाई। शोभायात्रा में सभी श्रद्धालु प्रभु की भक्ति में झूमते नाचते चल रहे थे,बारी-बारी से सभी श्रद्धालुओं ने श्रीजी के रजत विमान को कंधा लगाकर उठाया,विमान शोभायात्रा में सबसे आगे ढोल फिर पाठशाला के बच्चे जैन धर्म का पचरंगा ध्वज लहराते हुए चल रहे थे,उनके पीछे महिला मंडल की सभी महिलाएं अपने-



अपने मंडल की साड़ी पहनकर चल रही थी फिर संगीतकार राहुल जैन बड्डे, अमित रिंकू मुल्ला के भजनों पर सभी श्रद्धालु भक्ति में नाच रहे थे सबसे पीछे श्रीजी का विमान चल रहा था। शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया साड़ी और पुरुष सफेद वस्त्र पहनकर चल रहे थे। शोभायात्रा श्री प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर से शुरू होकर परसा चौराहा, झंडा चौक, पुराना थाना, श्री चंद्र प्रभु जिनालय शिवाजी चौक, श्री नवीन दिगंबर जैन मंदिर होते हुए ललिता शास्त्री के बाजू से श्री प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर पहुंची वहाँ पर पाठशाला की छोटे-छोटे बच्चों द्वारा नृत्य के माध्यम से मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात श्रीजी को पांडुक शीला पर विराजमान करके श्रीजी का श्री प्राचीन दिगम्बर जैन जिनालय के सभी ट्रस्टीयों और अन्य श्रद्धालुओं ने श्रीजी की अभिषेक,शांतिधारा की उसके पश्चात पूजन कर अर्घ समर्पित किए।



### महावीर जयंती पर शोभायात्रा का किया स्वागत

**सागर।** महावीर जयंती पर शहर में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका कांग्रेस परिवार ने राजीव गांधी भवन, जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय के सामने भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेसजनो ने शोभा यात्रा में शामिल जैन समाज के अनुयायियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ओर विमान में विराजित भगवान महावीर की पूजा अर्चना की गई। स्वागतकर्ताओं में पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, ग्रामीण अध्यक्ष भूपेन्द्र मोहसा, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, प्रदेश महासचिव विजय साहू, आशीष ज्योतिषी, पंकज सिंघई, राकेश जैन, अभिषेक शाह, प्रवीण यादव, रवि जैन आदि उपस्थित रहे।

#### अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा - जनता के साथ खड़ी है कांग्रेस

# गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार गैस की किल्लत को लेकर अब जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया गया। सभी कांग्रेसी जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के साथ एकत्रित होकर पीली कोटी के पास इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने नरेंद्र भी गायब सिलेंडर भी गायब के नारे लगाए । और खाली सिलेंडर हाथ में एवं सिर पर रखकर प्रदर्शन किया।

जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि संघर्ष खाड़ी देशों में हो रहा है और परेशान भारत की जनता को होना पड़ रहा है। भारत की जनता जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है लाइन से बाहर नहीं निकल पा रही है। हर बार केंद्र सरकार उन्हें कतार में खड़ा कर देती है। केंद्र सरकार को एप्सटीन का यार बताते हुए महेश जाटव ने कहा एलपीजी गैस में जहां पहले दामों में युद्ध स्तर पर बढ़ोतरी की गई वहीं लोगों की जहां सब्सिडी कम की गई। आज अन्य देश में लड़ाई चल रही है और संकट भारत में उत्पन्न हो गया है। पूरे देश में एलपीजी की किल्लत है लोगों के नंबर आने के बाद भी



सिलेंडर की सप्लाई नहीं हो रही है।

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे चंद्रभूषण गुड्डू राजा बुंदेला ने कहा सरकार ईंधन प्रबंधन में और कालाबाजारी रोकने में नाकाम रही। नागरिकों को घरेलू आपूर्ति करने में भी असमर्थ रही। वहीं घरेलू सिलेंडर और कामर्शियल सिलेंडरों के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं । स्थानीय प्रशासन गैस की कालाबाजारी रोकने में भी असफल है।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि वहीं ऑटो चालकों को भी एलपीजी गैस नहीं मिलने के कारण घंटों लाइन में लगे होने पर उनकी मजदूरी का नुकसान हो रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है।

पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के राज में जनता वनवास जैसा जीवन व्यतीत कर रही है वनवास काट रही है कब सरकार बदलेगी और लोगों के अच्छे दिन आएंगे कब लोगों को लाइन से मुक्ति मिलेगी।

कलेक्ट्रेट पर हुए विरोध प्रदर्शन में मुकुल पुरोहित, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, सुरेंद्र सुहाने, जगदीश यादव, रामकुमार पचौरी, रमाकांत यादव, नरेंद्र मिश्रा प्रशांत समैया, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, राहुल चौबे, सागर साहू, जितेंद्र चौधरी, कमलेश तिवारी, राकेश राय, महेश अहिरवार, निलेश अहिरवार, दीनदयाल तिवारी, नारायण विश्वकर्मा, लीलाधर सूर्यवंशी, रोहित मांडले, चक्रेश सिंघई, प्रशांत समैया, आनंद हैला, हीरालाल चौधरी, आनंद अहिरवार, समीर खान, मीना पटेल, रिचा सिंह, पवन पटैल, किरण लता सोनी, रेखा सोनी, वसीम खान, ज्योति मलैया, जाहिद ठेकेदार, गंगा राम अहिरवार, दीपक कुर्मी, चक्रेश रोहित, लक्ष्मी नारायण सोनकिया, कलीम भाईजान, रसीद राइन, दुलीचंद सकवार, बृजेंद्र नगरिया, बाबू मछंदर, अरविंद नागवानी, पप्पू गोस्वामी, आहट बोहरा फिरदौस कुरैशी, शहवाज कुरैशी, अभिषेक पाठक, अरबाज लंबरदार, तज्जु भाई जान, सुनील पाहवा, अनिल दक्ष गीता कुशवाहा, अस्मत खान, उमेश चौधरी, गोपाल प्रजापति, संजय मोंटी यादव, अकिल सिद्दीकी, अबरार सौदागर, डॉ दिनेश पटेरिया, श्रीकांत रैकवार नीरज चौरसिया, सुरेश रैकवार, निलेश चौधरी, प्राण सिंह लोधी, राजेश उपाध्याय, पंकज सिंघई, मयंक ठक्कर, संजय रैकवार, टीकाराम दीवान, सुल्तान कुरेशी, उमेश यादव, गोपी यादव, दुष्यंत जाटव, नारायण विश्वकर्मा, शोएब कुरैशी, गगन जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन तपती दोपहर में मौजूद थे।



### मामा की हत्या का आरोपी भांजा गिरफ्तार, खुरई में तीन माह से फरार चल रहा था युवक

**खुरई।** खुरई देहात थाना पुलिस ने साढ़े तीन माह पहले अपने मामा की हत्या करने वाले आरोपी भांजे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नरेंद्र अहिरवार घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने रविवार को उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह घटना खुरई के सहोद्रा राय वार्ड के नागरोरिया में हुई थी। जानकारी के अनुसार, नरेंद्र अहिरवार अपनी मां मीरा अहिरवार और मामा रम्मू अहिरवार के साथ रहता था। वह अक्सर शराब के लिए पैसे मांगता था और न मिलने पर मारपीट करता था। 10 दिसंबर 2023 को नरेंद्र ने शराब के लिए पैसे मांगे। पैसे न मिलने पर उसने अपनी मां और मामा के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान नरेंद्र ने अपने 75 वर्षीय मामा रम्मू अहिरवार के सीने और गले में कई लातें मारीं। उसने पैर से गला दबाकर मामा की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने परिजनों को धमकी दी कि यदि किसी ने मामा की चिता जलाई, तो वह उसे भी मार देगा। इस धमकी के कारण परिजन इतने भयभीत हो गए कि शव 19 घंटे तक घर में ही पड़ा रहा, जिसके बाद अंतिम संस्कार हो सका।मीरा अहिरवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बेटे नरेंद्र अहिरवार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी संतोष सिंह दांगी ने बताया कि 40 वर्षीय नरेंद्र अहिरवार, जो हरप्रसाद अहिरवार का बेटा है, पिछले तीन माह से फरार था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर स्थानीय उपजेल भेज दिया है।

**खबर संक्षेप**

### श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी वाहन रैली

**रायसेन।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में 2 अप्रैल को भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली पाटनदेव स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर हनुमान मंदिर चोपड़ा तक पहुंचेगी। बजरंग दल, विहिप ने बताया कि वाहन रैली को लेकर तैयारियां की जा रहीं हैं। रैली में भगवा ध्वज, धार्मिक जयघोष, भजन-कीर्तन और आकर्षक सजावट मुख्य आकर्षण रहेंगे। बजरंग दल जिला संयोजक बद्री प्रसाद पाराशर, रवि प्रजापति ने सनातनी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### शानदार रहा सनशाइन स्कूल का परीक्षा परिणाम

**बाड़ी।** कक्षा 5वीं एवं 8वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में नगर की अग्रणी संस्था सनशाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कक्षा 8वीं में 37 में से सभी 37 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की। वहीं कक्षा 5वीं में 23 में से सभी 23 विद्यार्थियों ने 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूर्ण सफलता प्राप्त की। कक्षा 8वीं में खुशी शराठे ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शीतल कुंडू ने 88 प्रतिशत एवं निहारिका पाल ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 5वीं में सिमरा ने 88 प्रतिशत अंक से प्रथम और माहिरा, राधिका गौर एवं संदीप चौहान ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार स्कूटी, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

# दुर्घटना या लापरवाही : आरक्षक की मौत, स्टेनो की हालत गंभीर

**एसपी बोले-** पुलिस और आमजन के लिए हेलमेट अनिवार्य, सख्ती से कराएंगे पालन

### आखिर जिम्मेदार कौन ?

**लोगों को हेलमेट लगाने की नसीहत देने वाले ही नहीं पहने थे 'हेलमेट'**

**या प्रशासन, जो सड़क किनारे खड़े वाहनों पर नहीं करता कोई कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में एक बार फिर लापरवाही ने जान ले ली। बीती रात गोपालपुर क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ स्टेनो गंभीर रूप से घायल है। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार स्कूटी सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई।

इस घटना ने कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्कूटी सवार कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि कानून का पालन कराने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारी ही थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय न तो चालक आरक्षक ने हेलमेट पहन रखा था और न ही पीछे बैठे स्टेनो ने कोई सुरक्षा उपाय अपनाया था।

वहीं, सड़क किनारे खड़े भारी वाहन भी इस हादसे की बड़ी वजह बनकर सामने आए हैं। शहर में मुख्य सड़कों को ही पार्किंग स्थल बनाकर डंपर और ट्रक खड़े कर दिए जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन इस ओर ठोस कार्रवाई नहीं करता।


घटना के बाद नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद सड़कों पर खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती।

### सवालों के घेरे में व्यवस्था

- क्या हेलमेट न पहनने की लापरवाही मौत की वजह बनी?
- क्या तेज रफ्तार और असावधानी ने हादसे को न्योता दिया?
- या सड़क किनारे खड़े भारी वाहन जिम्मेदार हैं?

### कब जागेगा प्रशासन ?

- इस दर्दनाक हादसे के बाद सवाल उठ रहा है कि प्रशासन कब जागेगा?
- क्या सड़कों के किनारे खड़े वाहनों पर कोई ठोस कार्रवाई होगी?
- क्या पुलिस प्रशासन विभाग के कर्मचारियों को भी यातायात नियमों का पालन की हिदायत देगा ?
- या फिर यह मामला भी अन्य हादसों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा?



**हादसे से दोहरी लापरवाही उजागर - एक ओर नियमों का पालन कराने वाले खुद नियम तोड़ते नजर आए, तो दूसरी ओर प्रशासन की अनदेखी**



### हादसे में स्कूटी के उड़े परखच्चे, स्टेनों को गंभीर हालत में भोपाल रेफर

शहर में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस विभाग के एक जवान की मौत हो गई। जबकि एसपी कार्यालय में पदस्थ स्टेनो गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा थाना कोतवाली क्षेत्र में गोपालपुर मंदिर के समीप रात करीब 11 बजे हुआ। तेज रफ्तार से जा रही स्कूटी सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी पर सवार पुलिस आरक्षक नमन मुद्गल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि साथ में पीछे बैठे एसपी के स्टेनो सूबेदार ललित मार्को को गंभीर हालत में भोपाल के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। डॉक्टरों के मुताबिक हालत नाजुक बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि मृतक आरक्षक अपने घर का इकलौता बेटा था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। ऐसे में इस हादसे ने परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया है। दोनों पुलिस लाइन कॉलोनी में रहते हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। बाद में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिला अस्पताल की मर्चुरी भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**इनका कहना है**

हमने शहर ट्रैफिक इंचार्ज को विशेष चेकिंग अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया है। पुलिस और आमजन के लिए हेलमेट अनिवार्य का पालन सख्ती से कराया जाएगा।

**अशुतोष गुप्ता,** एसपी रायसेन।

### क्या यातायात नियम सिर्फ आम लोगों के लिए?

बीती रात हुए हालिया सड़क हादसे ने व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। क्योंकि दूसरों को हेलमेट और नियमों का पालन कराने वाले जिम्मेदार ही नियम तोड़ते नजर आ रहे हैं। गोपालपुर हादसे में बिना हेलमेट स्कूटी चला रहे आरक्षक की मौत हो गई, जबकि स्टेनो गंभीर रूप से घायल है। यह घटना दर्शाती है कि जिम्मेदार आम लोगों को तो चलानी कार्रवाई और जागरुकता अभियान चलाकर बखूबी नियमों का पालन करने की हिदायत और नसीहत देते नजर आते हैं, लेकिन बारी जब स्वयं की आती है तो यह नियम, कानून सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाते हैं। वहीं, सड़कों पर खड़े भारी वाहनों पर प्रशासन की ढिलाई भी हादसों को बढ़ावा दे रही है।

# होटल और रेस्टोरेंट से जब्त किए 14 घरेलू गैस सिलेंडर के साथ दो भट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

**कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप**



सोमवार को घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई की। शहर के अलग-अलग होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर जांच की गई। यह कार्रवाई कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम मनीष शर्मा, नायब तहसीलदार शैलेंद्र सिंह और सहायक आपूर्ति अधिकारी श्रीमती बंजारा की टीम ने की।

जांच के दौरान 9 प्रतिष्ठानों पर दबिश दी गई। यहां से 13 घरेलू गैस सिलेंडर, 1 छोटा 5 किलो का सिलेंडर और 2 गैस भट्टी/चूल्हे जब्त किए गए। जब्त सामग्री को अमानत में लिया है। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरों में उपयोग के लिए होते हैं। इन्हें होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग करना नियमों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने आगाह करते हुए सख्त हिदायत दी कि होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों से अपील की है कि वे घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग बंद करें और कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग करें।

# मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी पेयजल का दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

गंगाजल संवर्धन योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा एक एक बूंद पानी की बचाने की जिम्मेदारी हर विभाग के अधिकारी को दी गई है, लेकिन नगर परिषद सांची के मुखिया पीने वाले पानी को ठेकेदारों को बेचकर निर्माण-कार्य किए जा रहे हैं। जहां एक-एक बूंद पानी की लोग बचाने के लिए नए-नए स्त्रोत लगवा रहे हैं।

वहीं नगर परिषद पेयजल का दुरुपयोग सड़कों पर फिजूल पानी फेंकने में कर रही है। अभी लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन में पानी मिल रहा है, आने वाले समय में और भी गंभीर स्थिति का सामना नगर वासियों को करना पड़ेगा। मगर



इसकी फिक्र करने के बावजूद पानी का दुरुपयोग किया जा रहा है।

आगामी माह अप्रैल, मई और जून में नगरवासी एक-एक बूंद को तलाशते नजर आएंगे, इस समस्या का निदान 3 महीने पहले से नगर परिषदों को मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है, मगर सांची नगर परिषद मुख्यमंत्री के इस आदेश की खुलकर अवहेलना कर रही है।


# बारना बांध से सिंचित बाड़ी, बरेली में सर्वाधिक होता है गेहूं उत्पादन

**एक अप्रैल से होगी गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बारना बांध की नहरों से सिंचित बरेली, बाड़ी और उदयपुरा तहसीलों में रवि की मुख्य फसल गेंहू का किसानों द्वारा भारी उत्पादन कर लाखों कु. गेंहू समर्थन मूल्य पर बैचे जाने की परंपरा बनी हुई है। नागरिक आपूर्ति निगम के लिए सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जाकर गौदाम में जमा किया जाता है।

एक अप्रैल से सरकारी घोषणा के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद होना है। विलम्ब से केन्द्र बनाने के साथ किसानों तक केंद्र की सूचना का अभाव और खरीदी केंद्र पर बारदाने, छाया, पानी की व्यवस्थाओं के साथ स्लाट बुकिंग न



होने से एक अप्रैल से गेंहू की खरीद शुरु हो पाएगी, संशय की स्थिति बनी हुई है।

बार-बार मौसम बदलने के साथ होली बाद जिस प्रकार तेज गर्मी, धूप का माहौल बना हुआ है। उससे विलम्ब से बोवनी वाले गेंहू की फसलें भी सूख और कटने की स्थिति में पहुंच रही है। किसानों द्वारा गांव-गांव हारवेस्टरों के द्वारा गेंहू की शीघ्र अतिशीघ्र कटाई का प्रयास किया जा रहा है।

### हार्वेस्टर, डीज़ल की कमी

गेंहू कटाई कम समय में हार्वेस्टरों द्वारा की जाती है। तेज धूप गर्मी के कारण सम्पूर्ण क्षेत्र में एक साथ गेंहू पक जाने और कभी भी मौसम बदलने की आसमानी आफत की संभावना में किसानों के बीच हार्वेस्टरों की मांग बढ़ गई है। डीजल और हार्वेस्टरों की कमी के कारण क्षेत्र में गेंहू कटाई का कार्य प्रभावित हो रहा है।

# गाजे-बाजों के साथ जवारों का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

आदिशक्ति माँ दुर्गा की भक्ति साधना में देवी भक्तों द्वारा अखंड ज्योति जलाकर ज्वारे बौने की प्राचीन परंपरा आज भी बनी हुई है। क्षेत्र में भक्तों द्वारा ज्वारे रखे जाते है। माँ दुर्गा की साधना सेवा आराधना में देवी मैया के भजन, गाकर भक्ति की जाती है। चैत्र की नवरात्रि समाप्त होने के बाद नगर के



विभिन्न हिस्सों में देवी भक्तों द्वारा रखे ज्वारों के विसर्जन जलूस निकलने का सिलसिला रविवार को भी जारी बना रहा। महिलाएं और पुरुष ज्वारों को सिरों पर रख कर निकलते रहे। ढोल बाजों मातारानी के भजन गीतों के साथ श्रद्धा भक्तिभाव से निकले छोटे-छोटे समूहों में ज्वारों के चल समारोह नगर की प्रमुख सडक़ों पर देवी भक्ति का माहौल उत्पन्न कर रहे है।

नवरात्रि पर्व समापन के बाद देवी भक्तों द्वारा घरों पर एवं देवी मंदिरों में कन्याभोज के छोटे-बड़े आयोजन हो रहे है।

# पंचायत चुनाव की रंजिश में 3 लोगों की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

**फॉलोअप**

ओशो जन्म स्थली देश दुनिया में ख्याति प्राप्त उदयपुरा के ग्राम कुचवाड़ा में ग्राम चुनाव की रंजिश में 2023 में दो युवाओं प्रमोद एवं विवेक रघुवंशी की हत्या हुई। 28 मार्च की रात में पूर्व सरपंच संतोष रघुवंशी ने लायसेंसी बंदूक से वर्तमान महिला सरपंच के जेठ रविंद्र रघुवंशी उर्म 45 वर्ष की गोली मार हत्या करने की घटना से ग्राम में तनाव का माहौल होने से भारी पुलिस बल की तैनाती बनी हुई है।

### एक आरोपी की तलाश

रविन्द्र रघुवंशी हत्याकांड मामले में उदयपुरा थाने में मृतक के पिता श्याम सुंदर पटेल की रिर्पोट पर 4 लोगों पूर्व सरपंच संतोष रघुवंशी, हर्षित रघुवंशी, मनोज सोनी और राम स्वरूप रघुवंशी को आरोपी बना कर प्रकरण दर्ज किया। मुख्य आरोपी संतोष रघुवंशी को लायसेंसी बंदूक के साथ एवं हर्षित रघुवंशी, मनोज सोनी को गिरफ्तार कर लिया। फरार रामस्वरूप रघुवंशी को पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस द्वारा पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। रविवार को पीएम के बाद मृतक रविंद्र रघुवंशी का कुचवाड़ा में पुलिस की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया।

ग्राम चुनाव के दौरान बनी रंजिश में पिछले ढाई-तीन वर्ष में रघुवंशी परिवार के तीन लोगों की हत्या हो चुकी है। 2023 में हुए गोली कांड में 2 युवको की गोली मार कर हत्या करने वाले जेल की सलाखों में कैद है। 28 मार्च को रविन्द्र की हत्या करने वाले 3 आरोपी भी जेल पहुंच चुके है।

**शोभायात्रा, प्रभात फेरी और धार्मिक कार्यक्रमों में उमड़ा जनसैलाब**

# धूमधाम से मनाया भगवान महावीर का 2626वां जन्म कल्याणक

**महावीर के सिद्धांतों को अपनाने का दिया संदेश, विधायक एवं पूर्व विधायक ने उतारी आरती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2626वां जन्म कल्याणक महोत्सव नगर सिलवानी में अखण्ड दिगंबर जैन समाज द्वारा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें समाजजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और त्याग के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

मुनि प्रयोग सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में दोपहर के समय पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से एक भव्य चल समारोह (शोभायात्रा) निकाला गया।यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों जैन चैत्यालय, होली



चौक, आजाद मार्केट, गांधी चौक, कुशवाहा धर्मशाला रोड होते हुए त्रिमूर्ति जिनालय पहुंची, जहां आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद यात्रा बजरंग चौराहा, पुराना बस स्टैंड और अंबेडकर वार्ड से होते हुए पुनः प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

चल समारोह की विशेष आकर्षण चांदी जड़ित विमान में विराजित भगवान महावीर की प्रतिमा रही, जिसे समाजजन कंधों पर उठाकर जयकारों के बीच लेकर चल रहे थे। त्रिशला महिला मंडल की महिलाओं द्वारा मंगल भजनों का गायन किया। वहीं विभिन्न स्थानों पर प्रतिमा की आरती उतारी गई।

शोभायात्रा में कीर्तन मंडल के सदस्य ढोलक और हारमोनियम की मधुर धुन पर भजनों का गायन करते हुए चल रहे थे। इस दौरान भगवान महावीर स्वामी के जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक से संबंधित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। साथ ही चंदनपुर के महावीर की विशेष झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। युवा एवं बालिकाएं पंचरंगी ध्वज लहराते हुए शोभायात्रा में शामिल हुईं। शोभायात्रा में अश्वों को भी शामिल किया गया जिन पर सवार युवा धर्म ध्वज थामे हुए थे।

महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दोपहर में वाहन रैली का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं त्रिमूर्ति जिनालय में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल एवं पूर्व विधायक रामपाल सिंह राजपूत भी शोभायात्रा में शामिल हुए। उन्होंने मुनि प्रयोग सागर महाराज को ससंघ श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया और भगवान महावीर स्वामी की आरती उतारी।

# गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान महावीर जन्मोत्सव की शोभायात्रा

**जैन समाज ने दिया सत्य अहिंसा और 'जियो और जीने दो' का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जैन समाज के जैन तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर सोमवार सुबह शहर में दिगम्बर जैन समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, दुर्गा चौक पुराने बस स्टैंड से गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और धार्मिक उत्साह के बीच शुरू हुई। इसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए।

शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने "सत्य अहिंसा परमो धर्म" और "जियो और जीने दो" का संदेश दिया। शोभायात्रा दुर्गा चौक से न्यू मार्केट, इंडियन चौराहा, रामलीला गेट, सागर-भोपाल तिराहा होते हुए महामाया चौक पहुंची और वहां से



पुनः दिगंबर जैन मंदिर में समापन हुई। शोभायात्रा मार्ग में शहरवासियों और नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जैन समाजजनों का स्वागत किया। पूरे रास्ते धार्मिक जयघोषों और भक्ति संगीत से माहौल भक्तिमय बना रहा।

शोभायात्रा के दौरान धार्मिक भजनों पर जैन समाज की महिलाएं और युवतियां उत्साह के साथ थिरकती नजर आईं। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल महिलाओं ने आयोजन की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। समाजजनों ने भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।